BANKING
SUBSCRIPTION PLAN
VALID FOR 6 MONTHS
230+ MOCK TESTS
₹997/-
testbook

# Important Current Affairs 25th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 25th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 25th October 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 25th October 2017 in Hindi

- **मलयालम निर्माता आई.वी. ससी का निधन**
  - प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्माता आई.वी. ससी का चेन्नई में निधन हो गया| वे 69 वर्ष के थे|
  - वे कुछ दिनों से बिमार चल रहे थे| उन्होंने अपने 40 वर्ष के कैरियर में 150 से ज्यादा फिल्मों का निर्देशन किया है|
  - उन्होंने 1968 में कलियाल्ला कल्याणम से कला निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू किया|
  - उन्होंने फिल्म 'उत्सवं' के साथ निर्देशन की शुरुआत की| वे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, केरल राज्य फिल्म पुरस्कारों से पुरस्कृत थे|
- **NBA भारत से जुड़े फ्लेमिंग**
  - राष्ट्रीय बास्केटबॉल एसोसिएशन ने घोषित किया है कि भारत की राष्ट्रीय टीम के पूर्व प्रमुख कोच, फ्लेमिंग, NBA इंडिया के बास्केटबॉल संचालन प्रमुख बन गए हैं|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- स्कॉट फ्लेमिंग, भारत में लीग के युवा और अभिजात वर्ग में बास्केटबाल के विकास की देखरेख करेंगे|
- वे पहले नॉर्थवेस्ट नाजारेन विश्वविद्यालय में क्रूसेडर्स बास्केटबॉल टीम के कोच थे| उन्होंने 2012-2015 में भारत के पुरुष टीम के प्रमुख कोच के रूप में सेवा की|

- **जीतू राय, हीना सिद्धू ने जीता स्वर्ण**
  - ISSF विश्व कप प्रतियोगिता के पहले दिन, पहली बार आधिकारिक रूप से आयोजित की गयी, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीतू राय और हीना सिद्धू ने एक साथ तीसरा स्वर्ण जीता|
  - भारत पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है|
  - राय और सिद्धू ने 483.4 अंक बनाए, जबकि फ्लोरियन फौक्केट और फ्रांस के सेलिन गॉबविल ने 481 के साथ रजत प्राप्त किया|
- **ठक्कर, ITTF के शीर्ष पर पहले भारतीय**
  - मानव ठक्कर ITTF वर्ल्ड जूनियर सर्किट स्टैंडिंग पर शीर्ष स्थान (3,455 अंक) प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं|
  - मानव ठक्कर सूरत से हैं| वे पहले पांचवें स्थान पर थे|
  - वे 2017 सर्बियन जूनियर और कैडेट ओपन, बेलग्रेड में रनर-अप रहने के बाद टॉप ITTF जूनियर सर्किट स्टैंडिंग के शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं|
- **दिविज और स्कॉट बने EO चैंपियन**
  - भारत के दिविज शरण और अमेरिका के स्कॉट लिपस्की ने एंटवर्प, बेल्जियम में यूरोपीय ओपन ट्रॉफी जीती|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

BANKING SUBSCRIPTION PLAN VALID FOR 6 MONTHS 230+ MOCK TESTS ₹997/- testbook

- दिविज शरण और स्कॉट लिपस्की ने फाइनल में सैंटियागो गोंज़ालेज और जुलिओ पेरला को 6-4, 2-6, 10-5 से हराया|
- उन्होंने 2017 यूरोपीय ओपन खिताब जीता| दिविज शरण ने यूरोपीय ओपन ट्राफी जीतकर ATP वर्ल्ड टूर पर 2017 सीज़न का अपना पहला खिताब जीता|

- **वेंकटेश AMFI के मुख्य कार्यकारी नियुक्त**
  - एन.एस. वेंकटेश को भारत में एसोसिएशन ऑफ़ म्यूचुअल फंड (AMFI) का CEO नियुक्त किया गया है|
  - AMFI में शामिल होने से पहले, वेंकटेश ने 19 वर्षों तक औद्योगिक विकास बैंक ऑफ इंडिया (IDBI) में काम किया, जहां उन्होंने मुख्य वित्तीय अधिकारी और कार्यकारी निदेशक सहित कई वरिष्ठ पदों पर सेवाएँ दी|
  - वे लक्ष्मी विलास बैंक के कार्यकारी निदेशक भी रह चुके हैं|
- **कंवलजीत बने मुख्य सचिव**
  - पश्चिम बंगाल सरकार ने कंवलजीत सिंह चीमा को दार्जिलिंग में बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (BoA) का प्रमुख सचिव नियुक्त किया|
  - कंवलजीत सिंह चीमा, जन शिक्षा विस्तार और पुस्तकालय सेवा विभाग के प्रमुख सचिव थे|
  - BoA नौ सदस्यीय बोर्ड है|
- **मेघालय ED को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान**
  - मेघालय चुनाव विभाग ने राज्य में युवा मतदाताओं का सबसे बड़ा मानव लोगो बनाने के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त किया है|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- युवा और छूट गए मतदाताओं को नामांकित करने के लिए विशेष अभियान के तहत, इस लोगो का गठन किया गया है, जो मिशन यूनाइट (यू एंड आई टुवर्ड्स एनरोलमेंट) का हिस्सा है|
- इसमें कुल 2,870 छात्रों, 113 स्कूलों, तीन कॉलेजों ने भाग लिया| लोगो का आकार 120ft x 75ft था|

- **डिजिटल पहल में MP सबसे ऊपर**
  - कोयुस एज कंसल्टिंग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा की गयी डिजिटल पहलों के मामले में मध्य प्रदेश शीर्ष राज्य के रूप में उभरा है|
  - कोयुस एज परामर्श एक संगठन है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर परामर्श सेवाएं प्रदान करता है|
  - कोयुस एज कंसल्टिंग द्वारा 36 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों द्वारा डिजिटल पहल का तुलनात्मक मूल्यांकन किया गया|
- **इंडसइंड बैंक ने की कोब्रैंड ऐप की शुरूआत**
  - इंडसइंड बैंक और मोबीक्विक ने एक कोब्रैंड वॉलेट, "इंडसइंड मोबीक्विक" का शुभारंभ किया|
  - इंडसइंड मोबीक्विक वॉलेट इंडसइंड बैंक के ग्राहकों को उनके खातों का उपयोग करके मोबीक्विक मर्चेंट नेटवर्क पर भुगतान करने की अनुमति देता है|
  - यह वॉलेट में एक 'डायरेक्ट डेबिट फीचर' है, जिसमें इंडसइंड बैंक के खाताधारक एक बार अपने खाते को लिंक कर के कोब्रैंड ऐप का इस्तेमाल करते हुए भुगतान कर सकते हैं|
- **SBI और एस्कॉर्ट्स में अनुबंध**
  - SBI ने घोषणा की है कि एस्कॉर्ट्स ट्रैक्टर्स की खरीद के लिए किसानों को वित्तपोषित करने के उदेश्य से, एस्कॉर्ट्स लिमिटेड के साथ समझौता हुआ है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

BANKING SUBSCRIPTION PLAN VALID FOR 6 MONTHS 230+ MOCK TESTS ₹997/- testbook

- अनुबंध की शर्तों के अनुसार, एस्कॉर्ट्स-निर्मित पॉवरट्रैक और फार्मट्रैक ब्रांड ट्रैक्टर खरीदने की इच्छा रखने वाले किसानो को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों में SBI द्वारा वित्त सुविधा प्रदान की जाएगी|
- इससे, बहुत सारे छोटे और सीमांत किसानों को मदद मिलेगी|

- **RBI, कंपनियों के लिए अनिवार्य करेगी LEI**
    - भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) 5 करोड़ रुपये से अधिक के निधि-आधारित और गैर-निधि आधारित एक्सपोजर वाली कंपनियों के लिए कानूनी इकाई पहचानकर्ता (LEI) अनिवार्य बनाने के लिए तैयार है|
    - LEI एक अद्वितीय 20 डिजिट अल्फ़ान्यूमेरिक कोड है जिसे कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं को दिया जायेगा|
    - LEI के आधार पर ऋण विवरण प्राप्त कर, बैंक एक ही संपार्श्विक के विरुद्ध, कंपनियों को कई ऋण देने से बच पाएंगे|
- **भारत-इंडोनेशिया CORPAT का 30वां संस्करण**
    - बेलवन, इंडोनेशिया में भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच CORPAT (समन्वित पेट्रोल) का तीसवाँ संस्करण और तीसरा द्विपक्षीय अभ्यास, आयोजित किया जा रहा है|
    - अभ्यास 24 अक्टूबर से 5 नवंबर 2017 तक आयोजित किया जाएगा|
    - भारतीय नौसेना पोत 'सुकन्या' CORPAT के 30वें संस्करण में भाग लेने के लिए बेलवान पहुंचा| CORPAT का आयोजन, 2002 के बाद से IMBL में दो बार किया जाता है|
- **बांग्लादेश को भारत का उपहार**
    - 22 अक्टूबर 2017 को, भारत ने बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना को 'बांग्लादेश मुक्ति संग्राम 1971' का एक स्मृति चिन्ह भेंट किया|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- युद्ध के दौरान, करीब 10 मिलियन बांग्लादेशियों ने भारत में शरण ली| भारत और बांग्लादेश ने साथ मिलकर पाकिस्तानी सेना को बाहर निकालने का काम किया था|
- स्मृति चिन्ह में, युद्ध के दौरान उपयोग किए जाने वाले सैन्य उपकरण, कलाकृतियां, दस्तावेज़ आदि शामिल हैं|

- **स्वतंत्रता की पहली लड़ाई: पाइका बिद्रोह**
  - केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से 1817 के 'पाइका बिद्रोह' को इतिहास कि पाठ्य पुस्तकों में 'स्वतंत्रता की पहली लड़ाई' के रूप में शामिल किया जाएगा|
  - पाइका बिद्रोह, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ एक सशस्त्र विद्रोह था, जो ओड़िशा में वर्ष 1817 में शुरू हुआ था|
  - सामाजिक-राजनैतिक-आर्थिक कारणों के संयोजन ने पाइका बिद्रोह को जन्म दिया|
- **निकारागुआ ने किया पेरिस जलवायु समझौता**
  - केन्द्रीय-अमेरिकी देश निकारागुआ ने जलवायु परिवर्तन के पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं|
  - केवल संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और सीरिया ही ऐसे देश हैं जिन्होंने इस वैश्विक जलवायु समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं|
  - जून 2017 तक, 195 UNFCCC सदस्यों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिनमें से 148 ने इसकी पुष्टि की है|
- **PNB और EEPC इंडिया में समझौता**



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

BANKING SUBSCRIPTION PLAN VALID FOR 6 MONTHS
230+ MOCK TESTS ₹997/-
testbook

- भारत के इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने PNB के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो SME और परिषद के मर्चेंट निर्यातकों के लिए वित्त पोषण आसान बनाएगा|
- PNB इस आश्वासन के साथ वित्त प्रदान करेगा कि 10 करोड़ रुपये तक का ऋण प्रतिस्पर्धी दरों पर 6 से 7 सप्ताह के भीतर उपलब्ध हो जायेगा|
- PNB, विदेशी मुद्रा ऋण सुविधाओं का भी विस्तार करेगा और EEPC इंडिया के सदस्यों को सलाह-समर्थन देगा|

- **'सार्वजनिक ऋण रजिस्ट्री' पर कार्य बल**
  - भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत के लिए सार्वजनिक ऋण रजिस्ट्री (PCR) पर 10 सदस्यीय उच्च स्तरीय कार्यबल का गठन किया है|
  - यह भारत के लिए एक पारदर्शी, व्यापक और लगभग-रियल टाइम PCR विकसित करने के लिए योजना का सुझाव देगा|
  - समिति के अध्यक्ष, एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के पूर्व CMD, वाई.एम. देवस्थली होंगे|
- **83,000 किलोमीटर राजमार्गों के विकास के लिए 7 लाख करोड़**
  - कैबिनेट ने 2022 तक 6.9 लाख करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 83,000 किलोमीटर की सड़कों का विकास और विस्तार करने के लिए सबसे बड़ी राजमार्ग परियोजना को मंज़ूरी दे दी है|
  - परियोजना में, सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने वाला नया 28,400 किलोमीटर का भारतमाला राजमार्ग कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय, बंदरगाह और तटीय कनेक्टिविटी में सुधार भी शामिल है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- भारतमाला, सीमा और अन्य क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार के लिए सरकार की विशाल योजना है|

- **कैबिनेट ने पूंजीकरण योजना को दी मंज़ूरी**
  - सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए दो वर्ष में 2.11 लाख करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की है|
  - सरकार अनिवार्य रूप से 1.35 लाख करोड़ रुपये के बैंकों के लिए बांड जारी करेगी जबकि 76,000 करोड़ रुपये बजटीय सहायता से आएंगे|
  - निवेशक, इन बॉन्डों को निवेश पोर्टफोलियो के हिस्से के रूप में सब्सक्राइब करेंगे| अर्जित किये गए धन का उपयोग बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए किया जाएगा|

**Attempt Current Affair Quiz for 25th October 2017**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play